जिले में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस

# प्रभारी मंत्री भदौरिया ने किया ध्वजारोहण, बेहतर परेड और विभागीय झांकियां

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com





रतलाम. जिले में बुधवार को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित हुआ। यहां पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने ध्वजारोहण कर, परेड की सलामी ली। इस दौरान पुलिस, एसएएफ, होमगार्ड बल द्वारा मार्च पास्ट कर सलामी दी गई।

प्रभारी मंत्री भदोरिया ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया। इसके बाद खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी भी थे। परेड का नेतृत्व सूबेदार मोनिका सिंह चौहान ने किया। सेकंड कमांडर सूबेदार अनोखी लाल परमार थे। परेड के दौरान एसएएफ 24वी वाहिनी, जिला पुलिस पुरुष बल प्लाटून, जिला होमगार्ड केवल था। जिला आपूर्ति खाद्य विभाग, जिला पंचायत, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ, स्कूल, शिक्षा, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर निगम, सहकारिता विभाग तथा जनजाति कार्य विभाग द्वारा अपनी योजनाओं कार्यक्रमों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की गई।

## इन्हें मिला पुरस्कार

मुख्य समारोह में निर्णायकगणों द्वारा परेड आयोजन में प्रथम पुरस्कार एसएएफ 24 वीं बटालियन प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्... जिला होमगार्ड प्लाटून 5 तथा तृ... पुरस्कार जिला होमगार्ड प्लाटू...

पत्रिका

पत्रिका 28/1/22

# गोदाम की अनुमति पर बने शगुन गार्डन भवन को तोड़ा

**दबाव** ● प्रभाव और कार्रवाई रुकवाने के लिए चलती रही खींचतान, सट्टा, जुआ व अन्य अपराधों से जुड़े आरोपितों की संपत्तियों की भी हो रही पहचान

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में अवैध निर्माण पर प्रशासन की मुहिम 26 जनवरी को भी जारी रही। बुधवार को दोपहर में प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया के रवाना होते ही शाम चार बजे प्रशासन, पुलिस व नगर निगम का अमला सागोद रोड स्थित शगुन गार्डन पहुंचा और पोकलेन से भवन का अगला हिस्सा तोड़ दिया। इसके बाद एसडीएम अभिषेक गेहलोत को फोन पर मिले निर्देशों पर कार्रवाई रोक दी गई। इससे पहले सर्किट हाउस पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी से जिले के हालात कानून व्यवस्था पर चर्चा की। इस दौरान सागोद रोड पर बने शगुन गार्डन के संचालक ने भवन तोड़ने के नोटिस को लेकर प्रभारी मंत्री को तय जुर्माना, शुल्क भरने का हवाला देकर कार्रवाई रोकने की मांग की। गोदाम की अनुमति पर गार्डन बनाने की जानकारी देने पर प्रभारी मंत्री ने भी नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही और रवाना हो गए।

30 दिसंबर 2021 को पेज दो पर- अवैध घोषित होगी कृषि भूमि पर बनी काटेज कालोनियां

(सबसे पहले नईदुनिया में 30 दिसंबर 2021 को सागोद रोड पर काटेज कालोनियों, सकून गार्डन के नियम विपरीत बनाए जाने की खबर प्रकाशित की गई थी।)

## भाजपा नेता-पदाधिकारियों ने जताई नाराजगी

सर्किट हाउस पर प्रभारी मंत्री से चर्चा में भाजपा पदाधिकारियों ने ग्राम सुराना में हुए तनाव, अतिक्रमण, नियम विपरीत निर्माण में तोड़फोड़ की कार्रवाई में भेदभाव का आरोप लगाया। कलेक्टर, एसपी व निगमायुक्त की कार्यप्रणाली पर भी भाजपा नेताओं ने नाराजगी जाहिर कर सामूहिक रूप से पार्टी का काम बंद करने की बात भी कह डाली। प्रभारी मंत्री ने जरूरी दिशा निर्देश देने का भरोसा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को दिया।



सागोद रोड पर शगुन गार्डन तोड़ता निगम का अमला। ● नईदुनिया

## सबकुछ पहले से तय था

प्रशासन ने कार्रवाई की रूपरेखा पहले से ही तय कर ली थी। निगम सीमा में नहीं होने के चलते एसडीएम के पत्र के बाद आयुक्त के निर्देश पर दोपहर करीब एक बजे ही नगर निगम का अमला संसाधन लेकर तैयार हो गया था। 2:30 बजे अमला सागोद रोड उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचने के बाद निर्देशों का इंतजार करता रहा। प्रभारी मंत्री के जाते ही एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, तहसीलदार गोपाल सोनी करीब चार बजे एक पोकलेन, एक जेसीबी सहित अन्य अमला लेकर सगुन गार्डन पहुंचे और कार्रवाई शुरू की। आधे घंटे में सकून भवन के अगले हिस्से को तोड़ने के बाद अमला वापस चला गया। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि अनुमति गोदाम की थी, कार्रवाई में तोड़े गए हिस्से के बाद वहां अन्य कोई गतिविधि होना संभव नहीं है।

## कलेक्टर ने दिए थे जांच के आदेश

सगुन गार्डन को लेकर मिली शिकायतों पर जांच के आदेश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिए थे। जांच प्रतिवेदन व संचालक को जारी नोटिस में मिले तथ्यों में टीएनसीपी से ली गई अनुमति व्यावसायिक गोदाम की होना पाई गई है। गोदाम की अनुमति पर मैरिज गार्डन संचालित किया जा रहा था। मालूम हो कि बिबड़ौद रोड, करमदी रोड, कनेरी रोड, सेजावता-बंजली बायपास, नंदलई रोड, ईसरथूनी रोड, डेलनपुर, ईटावा माताजी रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर गत पांच वर्षों में काटेजों के नाम पर 5500 वर्गफीट से लेकर 10 से 20 हजार वर्गफीट तक भूखंड बेचे गए। इससे शासन को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। ऐसे ही मामले में कालोनी सेल से किरण पत्नी कमल कुमार पिरोदिया, महेंद्र कुमार बसंतीलाल पिरोदिया, मै. पार्शवनाथ डेवलपर्स भागीदार पवन पुत्र पारसमल पिरोदिया व अन्य को कालोनी सेल से नौ नवंबर को जारी नोटिस में ग्राम खेतलपुर स्थित सर्वे क्रमांक 34/17, 34/18, 34/24, 1/8, 1/9, 1/10, 1/1 पर अवैध कालोनी (काटेज) विकसित किए जाने को नोटिस जारी किया गया था। पार्श्वनाथ डेवलपर्स को दो साल में तीसरी बार नोटिस जारी हुआ था। जवाब में डायवर्जन के अतिरिक्त कोई ठोस तथ्य प्रस्तुत नहीं किए गए। अब यहां भी कार्रवाई हो सकती है।

## जो गलत है उस पर कार्रवाई तय

"आपराधिक प्रवृति व अनैतिक काम में लगे लोग अवैध धंधों से कमाई गई आय को वैध करने का प्रयास कर रहे हैं, उनके मंसूबे सफल नहीं होंगे। तकनीकी व विधिक पहलूओं के चलते कुछ समय भी लगता है। जो गलत है उस पर कार्रवाई तय है। **-कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर**

## आगे इस आधार पर चलती रहेगी कार्रवाई

1 नियमों की अनदेखी के सामान्य मामले- नियमों या अनुमति के विपरीत निर्माण के सामान्य मामलों में नगर निगम एक्ट के अंतर्गत ही कार्रवाई चलती रहेगी। इसमें कंपाउंडिंग संभव होने पर संबंधित को अवसर दिया जाएगा।

2 अवैध धंधों की आय से बनाई गई संपत्तियां-प्रशासन जिले में सट्टा, जुआ, अवैध शराब, सूदखोरी सहित अन्य अवैध धंधों से कमाई गई आय से बनाए गए व्यावसायिक भवनों, काटेज व अन्य संपत्तियों को चिन्हित करवा रहा है। इसमें कई जगह अप्रत्यक्ष निवेश की जानकारी भी प्रशासन को मिल रही है। ऐसे मामलों मे कार्रवाई का स्तर सख्त ही रहेगा।

नईदुनिया। २८/१/२२

दिवस

# दौरिया ने किया ध्वजारोहण, बेहतर परेड और विभागीय झांकियां हुई पुरस्कृत







धीक्षक गौरव तिवारी भी का नेतृत्व सूबेदार मोनिका न ने किया। सेकंड कमांडर अनोखी लाल परमार थे। परेड के दौरान एसएएफ 24वी वाहिनी, जिला पुलिस पुरुष बल प्लाटून, जिला होमगार्ड केवल था। जिला आपूर्ति खाद्य विभाग, जिला पंचायत, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ, स्कूल, शिक्षा, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यात्रिकी, नगर निगम, सहकारिता विभाग तथा जनजाति कार्य विभाग द्वारा अपनी योजनाओं कार्यक्रमों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की गई।

## इन्हें मिला पुरस्कार

मुख्य समारोह में निर्णायकगणों द्वारा परेड आयोजन में प्रथम पुरस्कार एसएएफ 24 वीं बटालियन को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार जिला होमगार्ड प्लाटून 5 तथा तृतीय पुरस्कार जिला होमगार्ड प्लाटून 6 को प्रदान किया गया। इसी प्रकार शासकीय विभागों द्वारा आयोजित झांकियों में प्रथम पुरस्कार जिला पंचायत, द्वितीय पुरस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग एवं तृतीय पुरस्कार कृषि विभाग की झांकी को मिला। संचालन आशीष दशोत्तर तथा डॉ पूर्णिमा शर्मा ने किया।

## यह रहे मौजूद

मुख्य समारोह में विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्र सिंह लुनेरा, प्रधान न्यायाधीश राजेश गुप्ता, कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम, पुलिस अधिक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, श्याम सुंदर शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

पत्रिका

पत्रिका 28/1/22

## प्रभारी मंत्री भदौरिया ने ली बैठक, की कोविड नियंत्रण व्यवस्था की समीक्षा

रतलाम। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रतलाम आए जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया तथा जिले में कोराना नियंत्रण के संबंध में किए जा रहे कार्यों और तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान विधायक दिलीप मकवाना, राजेंद्र सिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधिक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, सिटी एसडीएम अभिषेक गहलोत, श्यामसुंदर शर्मा, सुनील सारस्वत, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री ने जिले में कोरोना नियंत्रण के दृष्टिगत ऑक्सीजन बेड उपलब्धता, ऑक्सीजन प्लांट, शासकीय तथा प्राइवेट चिकित्सालय में बेड उपलब्धता की स्थिति ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्धता, मेडिकल स्टाफ, दवाईयां आदि की उपलब्धता और आवश्यकता की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि ऑक्सीजन प्लांट तथा अस्पतालों में विद्युत ऑप्शन के लिए जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करें। ऑक्सीजन गैस सिलेंडर की रिफिलिंग की जानकारी प्राप्त की। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा कोविड-कैयर सेंटर के बारे में बताया गया कि जिले में सभी कोविड-केयर सेंटर्स पर 1 हजार 161 बेड उपलब्धता है। नवभारत

नवभारत 28/1/22

## शहर में 11 मोबाइल टीम करेंगी वैक्सीनेशन

रतलाम | जिले में 15 से 18 साल के लोगों के वैक्सीनेशन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रतलाम शहर में 28 जनवरी को 11 मोबाइल टीम 15 से 18 साल के किशोरों का वैक्सीनेशन करेगी। एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया ये मोबाइल टीम आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ सक्रिय रहेगी और विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर अथवा किसी निर्धारित स्थान पर वैक्सीनेशन करेगी। उन्होंने बताया शहर में प्रीकॉशन डोज के लिए स्थान तय किए हैं। भास्कर

दै. भास्कर 28/1/22

**संयमित सख्ती •** कॉटेज तोड़ने शाम 4 बजे प्रशासन और नगर निगम का अमला पहुंचा, थोड़ी देर में एसडीएम के पास आया फोन और कार्रवाई बंद

# गोदाम की अनुमति लेकर बना दिया कॉटेजनुमा बंगला, प्रशासन ने आधा तोड़कर बदरंग किया

एसडीएम : पंचायत से कृषि गोदाम की अनुमति थी, उसके माध्यम से ही रहवासी उपयोग समाप्त करवाया
**कॉटेज के रूप में उपयोग अवैध है**

### कॉटेज के रूप में उपयोग होने पर प्रशासन को कर सकते हैं शिकायत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सागोद रोड पर पहली बार किसी वीआईपी कॉटेज पर पोकलेन और जेसीबी चली। पूरा कॉटेज तोड़ने की तैयारी से टीम रवाना हुई थी लेकिन कार्रवाई के दौरान एसडीएम के पास एक कॉल आया और एसडीएम ने कहा बहुत हो गया ठीक है अब चलो और कार्रवाई रुक गई। इसके बाद अमला लौट आया। हालांकि जिला प्रशासन का कहना है अनुमति के विपरीत निर्माण इंदू पति दिलीप मोठिया, माधुरी पति रवि मोठिया ने किया था। इसे रहवासी उपयोग समाप्त किया गया है।

कार्रवाई सागोद रोड स्थित सुकून कॉटेज पर हुई। बिबड़ौद पंचायत से गोदाम निर्माण के लिए अनुमति ली थी, लेकिन गोदाम की जगह वीआईपी कॉटेज बना लिया। स्वीमिंगपूल के साथ ही रूम सहित तमाम सुविधाएं इस अवैध कॉटेज में हैं। बुधवार शाम 4 बजे जिला प्रशासन का अमला पहुंचा लेकिन कॉटेज में सामान था। इस पर जिला प्रशासन के अमले ने कुछ देर सामान निकालने की मोहलत दी। सोफा सेट, एलईडी सहित अन्य सामान बाहर किया और अमले ने पोकलेन और जेसीबी से तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। दस मिनट तक तोड़ने की कार्रवाई चलती रही। इसके बाद एसडीएम अभिषेक गेहलोत के पास मोबाइल पर कॉल आया और वे बात करने लगे। जैसे ही कॉल कटा इसके बाद ये बोले ठीक है बहुत है। इसके बाद अमला लौट गया।

**हकीकत :** लॉकडाउन में इस कॉटेज में हुई कई शादियां, प्री वेडिंग शूट के लिए 31 से 51 हजार रु. में मिलता है किराए पर



सागोद रोड स्थित आलीशान अवैध कॉटेज को पोकलेन और जेसीबी से तोड़ते हुए।

**एक बीघा से ज्यादा में फैला है वीआईपी कॉटेज**

यह कॉटेज एक बीघा से ज्यादा में फैला है। यहां रात में और छुट्टियों के दिनों में पार्टियां होती हैं। शहर के कई अफसर भी यहां पार्टियां करने पहुंचते हैं।

### ये अजीब... निगम कर्मचारियों ने सामान निकाला बाहर

कॉटेज में बड़ी-बड़ी एलईडी के साथ सोफासेट, मूर्तियां सहित अन्य सामान रखा था। मोहलत मिलने के बाद इन सामान को कॉटेज के संचालकों द्वारा निकालना था लेकिन निगम के कर्मचारी इस काम में भिड़ गए और सामान निकाला, जबकि यह काम संचालकों को करना था।

**लॉकडाउन में यहां हुईं शादियां**

यह कॉटेज शहर के सबसे शानदार कॉटेज में शामिल रहा है। यहां कीमती पौधे लगाए हैं। लॉकडाउन के दौरान यहां शादियां हुईं। इसके एवज में 1-1 लाख रुपए किराया वसूला गया। यही नहीं प्री वेडिंग शूट के लिए यह कॉटेज लोगों की पहली प्राथमिकता में शामिल है। वेडिंग शूट एवज में 31 से 51 हजार रुपए किराए में दिया जाता है।

***तोड़ने की कार्रवाई जारी रहेगी-***


*पंचायत की अनुमति से भिन्न निर्माण किया है। पंचायत से कृषि गोदाम निर्माण की अनुमति ली थी। जबकि कॉटेज बना लिया। चूंकि अनुमति के विपरीत निर्माण किया है। इससे ग्राम पंचायत के माध्यम से तोड़ने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई रोकी नहीं है। यदि ऐसा होता तो कार्रवाई करते ही नहीं। इसका रहवासी उपयोग समाप्त किया है।*

**अभिषेक गेहलोत,** एसडीएम

द. भास्कर 28/1/22

# जिले में गणतंत्र दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मना





रतलाम। जिले में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित हुआ जहां मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस

## ▸ मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजारोहण

भदौरिया ने ध्वजारोहण किया, परेड की सलामी ली। इस अवसर पर पुलिस एसएएफ होमगार्ड बल द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया।

श्री भदोरिया ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह में विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्र सिंह लुनेरा, प्रधान न्यायाधीश राजेश गुप्ता, कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम, पुलिस अधिक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, श्याम सुंदर शर्मा, अशोक पोरवाल, निमिष व्यास, निर्मल कटारिया, सुनील सारस्वत, विप्लव जैन, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, डॉ इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, कृतिका भीमावद तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। उनके साथ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी भी थे। इस अवसर पर राष्ट्रगान हुआ। समृद्धि के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाए गए। इस अवसर पर आयोजित परेड का नेतृत्व पुलिस सूबेदार मोनिका सिंह चौहान द्वारा किया गया। परेड के सेकंड कमांडर सूबेदार अनोखी लाल परमार थे। एसएएफ 24वी वाहिनी प्लाटून का नेतृत्व उपनिरीक्षक सुनील वास्कले कर रहे थे। जिला पुलिस पुरुष बल प्लाटून क्रमांक 2 का नेतृत्व उपनिरीक्षक ध्यानसिंह सोलंकी, प्लाटून क्रमांक 3 का नेतृत्व उप निरीक्षक कुलदीप देथलिया जिला पुलिस महिला बल, प्लाटून क्रमांक 4 का नेतृत्व उपनिरीक्षक पूजा राठौर जिला होमगार्ड बल, प्लाटून क्रमांक 5 का नेतृत्व ज्योति बघेल जिला होमगार्ड बल, प्लाटून क्रमांक 6 का नेतृत्व बद्री मंडलोई कर रहे थे।

## जिला पंचायत की झांकी प्रथम

इस दौरान जिला आपूर्ति खाद्य विभाग, जिला पंचायत किसान कल्याण तथा कृषि विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ, स्कूल, शिक्षा, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर निगम, सहकारिता विभाग तथा जनजाति कार्य विभाग द्वारा अपनी योजनाओं कार्यक्रमों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की गई। मुख्य समारोह में निर्णायकगणों द्वारा परेड आयोजन में प्रथम पुरस्कार एसएएफ 24 वीं बटालियन को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार जिला होमगार्ड प्लाटून क्रमांक 5 तथा तृतीय पुरस्कार जिला होमगार्ड प्लाटून क्रमांक 6 को प्रदान किया गया। इसी प्रकार शासकीय विभागों द्वारा आयोजित झांकियों में प्रथम पुरस्कार जिला पंचायत रतलाम की झांकी को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग एवं तृतीय पुरस्कार किसान कल्याण कषि विकास विभाग की झांकी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर, डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने किया।

नवभारत 28/1/22

## गुलाब चक्कर परिसर में देशभक्ति गीतों पर दी प्रस्तुति



रतलाम | गणतंत्र दिवस की संध्या पर गुलाब चक्कर में भारत पर्व का आयोजन किया। कलाकारों ने देशभक्ति के गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। अंशु मिश्रा के नेतृत्व में कलाकारों ने सरस्वती वंदना और गीत नाटिका प्रस्तुत की। युवा कलाकारों के कहना है बैंड ने प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। फोटो | राकेश पोरवाल

दै. भास्कर 28/1/22

लहराया तिरंगा • प्रभारी मंत्री भदौरिया ने जिले के मुख्य समारोह में पुलिस परेड ग्राउंड पर ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

# गणतंत्र दिवस : एसएएफ की 24वीं बटालियन परेड में और झांकियों में जिला पंचायत पहले स्थान पर रहा

## प्रभारी मंत्री ने खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया, विभिन्न विभागों की झांकियां भी देखीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में गणतंत्र दिवस मनाया। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर हुआ। यहां मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। पुलिस एसएएफ होमगार्ड बल द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया। भदौरिया ने खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व पुलिस सूबेदार मोनिका सिंह चौहान ने किया। परेड के सेकंड कमांडर सूबेदार अनोखी लाल परमार थे। एसएएफ 24वी वाहिनी प्लाटून का नेतृत्व उपनिरीक्षक सुनील वास्कले कर रहे थे। जिला पुलिस पुरुष बल प्लाटून क्रमांक 2 का नेतृत्व उपनिरीक्षक ध्यान सिंह सोलंकी, प्लाटून क्रमांक 3 का नेतृत्व उप निरीक्षक कुलदीप देथलिया जिला पुलिस महिला बल, प्लाटून क्रमांक 4 का नेतृत्व उपनिरीक्षक.पूजा राठौर जिला होमगार्ड बल, प्लाटून क्रमांक 5 का नेतृत्व ज्योति बघेल जिला होमगार्ड बल, प्लाटून क्रमांक 6 का नेतृत्व बद्री मंडलोई कर रहे थे।



परेड का निरीक्षण करते हुए प्रभारी मंत्री।

जिला आपूर्ति खाद्य विभाग, जिला पंचायत किसान कल्याण तथा कृषि विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ, स्कूल, शिक्षा, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर निगम, सहकारिता विभाग तथा जनजाति कार्य विभाग द्वारा अपनी योजनाओं कार्यक्रमों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की। परेड का प्रथम पुरस्कार एसएएफ 24 वीं बटालियन , द्वितीय पुरस्कार जिला होमगार्ड प्लाटून क्रमांक 5 तथा तृतीय पुरस्कार जिला होमगार्ड प्लाटून क्रमांक 6 को प्रदान किया गया। इसी प्रकार शासकीय विभागों द्वारा आयोजित झांकियों में प्रथम पुरस्कार जिला पंचायत रतलाम, द्वितीय पुरस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग एवं तृतीय पुरस्कार किसान कल्याण कषि विकास विभाग की झांकी को प्रदान किया। संचालन आशीष दशोत्तर तथा डॉ पूर्णिमा शर्मा ने किया। विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्र सिंह लुनेरा, प्रधान न्यायाधीश राजेश गुप्ता, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, विप्लव जैन, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।


### निगम आयुक्त ने किया निगम भवन पर ध्वजारोहण

निगम में आयुक्त सोमनाथ झारिया ने ध्वजारोहण किया। पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री ओ.पी. एस भदौरिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास को प्रधानमंत्री आवास योजना व उपयंत्री डीएल चौधरी को पेयजल व्यवस्था में उत्कृश्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र व शील्ड से सम्मानित किया। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह सहित अन्य मौजूद थे।

भास्कर

दै. भास्कर 28/1/22





# रतलाम में खुशी से फहराया तिरंगा

रतलाम, नप्र। शहर और जिले में गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया। खुशी भरे माहौल में तिरंगा फहराया। मुख्य समारोह पुलिस परेड मैदान पर हुआ। प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने झंडा फहराकर परेड की सलामी ली। पुलिस, एसएएफ होमगार्ड बल ने आकर्षक मार्च पास्ट किया।

प्रभारीमंत्री ने खुली जीप में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड की अगुवाई पुलिस सुबेदार मोनिकासिंह चौहान ने किया। सेकंड कमांडर सुबेदार अनोखीलाल परमार थे। एसएएफ 24वीं वाहिनी प्लाटून का नेतृत्व उपनिरीक्षक सुनील वास्कले तथा जिला पुलिस पुरुष बल प्लाटून क्रमांक 2 की अगुविाई उपनिरीक्षक ध्यानसिंह सोलंकी, प्लाटून क्रमांक 3 का नेतृत्व उपनिरीक्षक कुलदीप देथलिया, जिला पुलिस महिला बल, प्लाटून क्रमांक 4 का नेतृत्व उपनिरीक्षक पूजा राठौर, जिला होमगार्ड बल प्लाटून क्रमांमक 5 का नेतृत्व ज्योति बघेल, जिला होमगार्ड बल प्लाटून क्रमांक 6 का नेतृत्व बद्री मंडलोई ने किया। परेड में प्रथम पुरस्कार एसएएफ 24 वीं बटालियन को मिला। जिला होमगार्ड प्लाटून क्रमांक पांच दूसरे नंबर तथा जिला होमगार्ड प्लाटून क्रमांक तीसरे नंबर पर रही। संचालन आशीष दशोत्तर एवं डॉ पूर्णिमा शर्मा ने किया।



रतलाम। श्रद्धा-सबुरी टी स्टॉल कॉलेज रोड पर गए गणतंत्र दिवस उत्सव में भाजयुमो के विप्लव जैन ने तिरंगा फहराया। गोपालसिंह गेहलोत, जनक नागल, गोपाल शर्मा, कन्हैयालाल डगवाल, विनोद राठौर, इक्का बैलूत, गौरव मुणत आदि थे।

## सरकारी दफ्तरों में ध्वजारोहण

रतलाम, नप्र। कलेक्टर कार्यालय परिसर में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एस.पी. गौरव तिवारी ने ध्वजारोहण किया। रतलाम विकास प्राधिकरण कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जमुना भिडे ने तिरंगा फहराया। जिला पंचायत कार्यालय परिसर में जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा ने किया। नगर निगम भवन पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने झंडावंदन किया। शहर के शासकीय अशासकीय संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया।

प्रभातकिरण 27/1/22

# नगर निगम में ध्वजारोहण संपन्न

रतलाम ● नगर निगम कार्यालय पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। स्वदेश



स्वदेश 28/1/22

## प्रभारी मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी श्री चौरडिया का सम्मान किया

रतलाम। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने रतलाम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजमल चौरडिया का उनके निवास पहुंचकर शाल-श्रीफल पुष्प हार से सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक दिलीप मकवाना, राजेंद्र सिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

रतलाम। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एमएल आर्य एवं अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, कृतिका भीमावद, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा, जिला आपूर्ति अधिकारी एस चौधरी, कार्यालय अधीक्षक प्रभाकांत उपाध्याय, स्टेनो इरफान खान, शिवाजी शिंदे, तहसीलदार गोपाल सोनी, नायब तहसीलदार पूजा भाटी, नवीन त्रिवेदी, वरुण शर्मा, श्री बंदवार, श्री चावड़ा आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार जिला पंचायत कार्यालय परिसर में जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने ध्वजारोहण किया। रतलाम विकास प्राधिकरण कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जमुना भिड़े ने ध्वजारोहण किया।

## लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान

रतलाम। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में लोकतंत्र सेनानियों का भी सम्मान किया गया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विभिन्न अधिकारियों को लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान का दायित्व सौंपा गया था, जिनके द्वारा लोकतंत्र सेनानियों के निवास पर पहुंचकर शाल-श्रीफल, पुष्प हारो से सम्मान किया गया। लोकतंत्र सेनानी सम्मान के तहत सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े द्वारा पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी के निवास पहुंचकर उनका सम्मान शाल-श्रीफल पुष्प से किया गया। नवभारत

नवभारत २४/१/२२

# सागोद रोड पर नव निर्मित कॉटेज ध्वस्त



रतलाम » दबंग रिपोर्टर

पुलिस और प्रशासन द्वारा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्रवाई जारी है। टीम ने सागोद रोड स्थित एक फार्म हाउस का पक्का निर्माण जमींदोज कर दिया। जानकारी के अनुसार एसडीएम अभिषेक गेहलोत के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की टीम बुधवार दोपहर को सागोद रोड स्थित सुकून गार्डन पर पहुंची। वहां जाकर जेसीबी और पोकलेन मशीन की मदद से निर्माण तोड़ा गया।

बताया जा रहा है कि पंचायत से गोदाम निर्माण की परमिशन लेकर काटेज बनाया गया था। इसे नोटिस देने के बाद प्रशासन ने आज जमींदोज कर दिया। कार्रवाई के लिए पहुंचे अफसरों ने बताया कि प्रशासन की अवैध निमाणों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

दबंग दुनिया 28/1/22

## शहर में 11 मोबाइल टीम करेगी वैक्सीनेशन

रतलाम। जिले में 15 से 18 वर्ष के व्यक्तियों को वैक्सीनेशन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके शुक्रवार को 11 मोबाइल टीम वैक्सीनेशन करेगी। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि ये मोबाइल टीम आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ सक्रिय रहेगी और विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर अथवा किसी निर्धारित स्थान पर वैक्सीनेशन करेगी। शहर में प्रिकाशन डोज के लिए भी स्थान निर्धारित किए गए हैं।

## दो दिन में 1.51 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार व गुरुवार को 1.51 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 50935, ट्रैक्टर-ट्राली से 33760, काम्पेक्टर सूखा कचरा 30155, काम्पेक्टर गीला कचरा 36750 कुल 151800 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 28/1/22

## चार सफाई मित्रों का वेतन काटा

रतलाम। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत बुधवार को विशाल-कैलाश, महेश-मिट्ठू, संतोष-प्रभु व गौरव-राजेंद्र बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे। इस पर सभी का सात दिन का वेतन काटकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बिना सूचना के तीन दिन अनुपस्थित रहने वाले सफाई मित्रों को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा। कचरा संग्रहण वाहन चालक नितिन-ऊंटवाल व प्रवीण-किशोर के बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर सात दिन का वेतन काटा और सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## गंदगी फैलाने वाले तीन लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर प्रकाश गुलमोहर कालोनी से 3000, कस्तूरबा नगर में मधुकांत से 2000 व हितेंद्र से 1000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके अलावा बिना मास्क घूमने वाले 10 व्यक्तियों से 100-100 रुपये जुर्माना वसूला गया।

## पीएम आवास की राशि आज जारी करेंगे सीएम

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 28 जनवरी को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 3.50 लाख हितग्राहियों को स्वीकृत नवीन आवासों के लिए उनके खाते में प्रथम किश्त की 875 करोड़ रुपये की राशि अंतरित करेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे हाल, भोपाल में दोपहर 12 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में हितग्राही के साथ वर्चुअली संवाद भी करेंगे। सीएम द्वारा रतलाम जिले के हितग्राही से भी वर्चुअल संवाद किया जाएगा।

नईदुनिया 28/1/22

# विधायक ने कहा- अवैध कालोनियों का नियमितीकरण हो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



विधायक चेतन्य काश्यप ने नगर निगम प्रशासक को पत्र लिखकर प्रदेश शासन द्वारा प्रकाशित नियमावली अनुसार अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने को कहा है। उनके अनुसार शासन द्वारा 13 जनवरी को अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण हेतु राजपत्र में नियमावली का प्रकाशन कर दिया गया है। इस अनुसार रतलाम में नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाना चाहिए।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि अवैध कॉलोनियों में हजारों परिवार निवासरत है, जिन्हें नियमितीकरण की प्रक्रिया आरंभ होने पर भवन निर्माण अनुज्ञा, लोन सुविधा एवं मूलभूत सुविधाओं के साथ विकास कार्यों का लाभ प्राप्त हो सकेगा। रतलाम में वर्ष 2018 में अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इसके तहत 50 कॉलोनियों में विकास कार्यों के लिए निविदाएं जारी कर कार्य भी आरंभ कर दिया गया था, लेकिन बाद में उच्च न्यायालय के आदेश से सारे कार्य निरस्त कर दिए गए थे। मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजपत्र में नई नियमावली के प्रकाशन के पश्चात जनहित के उक्त रूके हुए कार्य फिर से प्रारंभ करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने निगम प्रशासक से रतलाम की अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने के साथ-साथ इन कॉलोनियों में विकास कार्यों की शुरूआत भी जल्द करने पर जोर दिया है।

अवन्तिका 28/1/22



## शासन द्वारा प्रकाशित नियमावली अनुसार किया जाए अवैध कॉलोनियों का नियमितीकरण - विधायक काश्यप

रतलाम । विधायक चेतन्य काश्यप ने नगर निगम प्रशासक को पत्र लिखकर प्रदेश शासन द्वारा प्रकाशित नियमावली अनुसार अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने को कहा है। उनके अनुसार शासन द्वारा 13 जनवरी को अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण हेतु राजपत्र में नियमावली का प्रकाशन कर दिया गया है। इस अनुसार रतलाम में नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाना चाहिए। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि अवैध कॉलोनियों में हजारों परिवार निवासरत है, जिन्हें नियमितीकरण की प्रक्रिया आरंभ होने पर भवन निर्माण अनुज्ञा, लोन सुविधा एवं मूलभूत सुविधाओं के साथ विकास कार्यों का लाभ प्राप्त हो सकेगा। रतलाम में वर्ष 2018 में अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इसके तहत 50 कॉलोनियों में विकास कार्यों के लिए निविदाएं जारी कर कार्य भी आरंभ कर दिया गया था, लेकिन बाद में उच्च न्यायालय के आदेश से सारे कार्य निरस्त कर दिए गए थे।

# नियमावली अनुसार हो अवैध कॉलोनियों का नियमितीकरण

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने नगर निगम प्रशासक को पत्र लिखकर प्रदेश शासन द्वारा प्रकाशित नियमावली अनुसार अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने को कहा है। उनके अनुसार शासन द्वारा 13 जनवरी को अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण हेतु राजपत्र में नियमावली का प्रकाशन कर दिया गया है। इस अनुसार रतलाम में नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाना चाहिए।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि अवैध कॉलोनियों में हजारों परिवार निवासरत है, जिन्हें नियमितीकरण की प्रक्रिया आरंभ होने पर भवन निर्माण अनुज्ञा, लोन सुविधा एवं मूलभूत सुविधाओं के साथ विकास कार्यों का लाभ प्राप्त हो सकेगा। रतलाम में वर्ष 2018 में अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इसके तहत 50 कॉलोनियों में विकास कार्यों के लिए निविदाएं जारी कर कार्य भी आरंभ कर दिया गया था, लेकिन बाद में उच्च न्यायालय के आदेश से सारे कार्य निरस्त कर दिए गए थे। मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजपत्र में नई नियमावली के प्रकाशन के पश्चात जनहित के उक्त रूके हुए कार्य फिर से प्रारंभ करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने निगम प्रशासक से रतलाम की अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने के साथ-साथ इन कॉलोनियों में विकास कार्यों की शुरूआत भी जल्द



रतलाम » दबंग रिपोर्टर

बसंती आसमान पर लहराते तिरंगे को देखकर विश्व के सबसे बड़े गणतंत्र के महाउत्सव में जिलेवासी भी जोश और राष्ट्रप्रेम से भर गए। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने ध्वजारोहण किया।

श्री भदोरिया ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया। विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्र सिंह लुनेरा, प्रधान न्यायाधीश राजेश गुप्ता, कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम, एसपी तिवारी, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा भी मौजूद थे। श्री भदोरिया ने खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी केडेट्स ने मार्च पास्ट किया। समृद्धि के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाए गए। इस अवसर पर आयोजित परेड का नेतृत्व पुलिस सूबेदार मोनिका सिंह चौहान द्वारा किया गया। परेड के सेकंड कमांडर सूबेदार अनोखी लाल परमार थ। एसएएफ 24वी वाहिनी प्लाटून का नेतृत्व उपनिरीक्षक सुनील वास्कले कर रहे थे। जिला पुलिस पुरुष बल प्लाटून 2 का नेतृत्व उपनिरीक्षक ध्यान सिंह सोलंकी, प्लाटून 3 का नेतृत्व उप निरीक्षक कुलदीप देथलिया जिला पुलिस महिला बल, प्लाटून 4 का नेतृत्व उपनिरीक्षक पूजा राठौर जिला होमगार्ड बल, प्लाटून 5 का नेतृत्व ज्योति बघेल जिला होमगार्ड बल, प्लाटून 6 का नेतृत्व बद्री मंडलोई कर ने किया। मुख्य समारोह में निर्णायकगणों द्वारा परेड आयोजन में प्रथम पुरस्कार एसएएफ 24 वीं बटालियन को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार जिला होमगार्ड प्लाटून क्रमांक 5 तथा तृतीय पुरस्कार जिला होमगार्ड प्लाटून क्रमांक 6 को प्रदान किया गया।

## विभागों ने प्रस्तुत की झांकियां

जिला आपूर्ति खाद्य विभाग, जिला पंचायत किसान कल्याण तथा कृषि विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, स्कूल, शिक्षा, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर निगम, सहकारिता विभाग तथा जनजाति कार्य विभाग द्वारा योजनाओं पर आधारित झांकियां प्रदर्शित की गई। झांकियों में प्रथम पुरस्कार जिला पंचायत रतलाम की झांकी को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग एवं तृतीय पुरस्कार किसान कल्याण कषि विकास विभाग की झांकी को प्रदान किया गया। संचालन आशीष दशोत्तर तथा डॉ पूर्णिमा शर्मा ने किया। अशोक पोरवाल, निमिष व्यास, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, एएसपी सुनील पाटीदार, डॉ इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गहलोत आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर ने ध्वजारोहण किया। अपर कलेक्टर एमएल आर्य एवं अभिषेक गहलोत, कार्यालय अधीक्षक प्रभाकांत उपाध्याय, स्टेनो इरफान खान, शिवाजी शिंदे, तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार जिला पंचायत कार्यालय परिसर में जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। एसपी कार्यालय में एसपी श्री तिवारी ने ध्वजारोहण किया।

दबंग दुनिया
28|1|22

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिले पुरस्कार

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

गणतंत्र दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में शासकीय विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस कड़ी में जिला पंचायत रतलाम में सातवीं बार सीएम हेल्पलाइन में ए ग्रेड मिलने पर सीएम हेल्पलाइन नोडल एस एच मंसूरी को प्रभारी मंत्री ने प्रशस्ती पत्र प्रदान किया। गणतंत्र दिवस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग रतलाम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अडॉप्ट इन






आंगनवाड़ी थीम पर आकर्षक एवं सुंदर झांकी का प्रस्तुतीकरण देने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा को सम्मानित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर पर्यवेक्षक एहतेशाम अंसारी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया।

### पुलिस परेड ग्राउंड पर हुआ मुख्य समारोह, प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजारोहण

# विश्व के सबसे बड़े गणतंत्र के नीले आकाश में लहराया तिरंगा



रतलाम » दबंग रिपोर्टर

बसंती आसमान पर लहराते तिरंगे को देखकर विश्व के सबसे बड़े गणतंत्र के महाउत्सव में जिलेवासी भी जोश और राष्ट्रप्रेम से भर गए। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने ध्वजारोहण किया।

श्री भदोरिया ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया। विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्र सिंह लुनेरा, प्रधान न्यायाधीश राजेश गुप्ता, कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम, एसपी तिवारी, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा भी मौजूद थे। श्री भदोरिया ने खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी केडेट्स ने गए। इस अवसर पर आयोजित परेड का नेतृत्व पुलिस सूबेदार मोनिका सिंह चौहान द्वारा किया गया। परेड के सेकंड कमांडर सूबेदार अनोखी लाल परमार थ। एसएएफ 24वी वाहिनी प्लाटून का नेतृत्व उपनिरीक्षक सुनील वास्कले कर रहे थे। जिला पुलिस पुरुष बल प्लाटून 2 का नेतृत्व उपनिरीक्षक ध्यान सिंह सोलंकी, प्लाटून 3 का नेतृत्व उप निरीक्षक कुलदीप देथलिया जिला पुलिस महिला बल, प्लाटून 4 का नेतृत्व उपनिरीक्षक पूजा राठौर जिला होमगार्ड बल, प्लाटून 5 का नेतृत्व ज्योति बघेल जिला होमगार्ड बल, प्लाटून 6 का नेतृत्व बद्री मंडलोई कर ने किया। मुख्य समारोह में निर्णायकगणों द्वारा परेड आयोजन में प्रथम पुरस्कार एसएएफ 24 वीं बटालियन को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार जिला होमगार्ड प्लाटून क्रमांक 5 तथा तृतीय

## विभागों ने प्रस्तुत की झांकियां

जिला आपूर्ति खाद्य विभाग, जिला पंचायत किसान कल्याण तथा कृषि विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ, स्कूल, शिक्षा, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर निगम, सहकारिता विभाग तथा जनजाति कार्य विभाग द्वारा योजनाओं पर आधारित झांकियां प्रदर्शित की गई। झांकियों में प्रथम पुरस्कार जिला पंचायत रतलाम की झांकी को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग एवं तृतीय पुरस्कार किसान कल्याण कषि विकास विभाग की झांकी को प्रदान किया गया। संचालन आशीष दशोत्तर तथा डॉ पूर्णिमा शर्मा ने किया। अशोक पोरवाल, निमिष व्यास, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, एएसपी सुनील पाटीदार, डॉ इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गहलोत आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर ने ध्वजारोहण किया। अपर कलेक्टर एमएल आर्य एवं अभिषेक गहलोत, कार्यालय अधीक्षक प्रभाकांत उपाध्याय, स्टेनो इरफान खान, शिवाजी शिंदे, तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार जिला पंचायत कार्यालय परिसर में जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। एसपी

दबंग दुनिया
28/1/22